Title: Requested the Government to take immediate relief measures by giving financial support to the Government of Himachal Pradesh and constructing bridges to facilitate transportation in the areas damaged due to cloud burst.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं बड़े दुख के साथ सूचित करना चाहता हूं कि 31 जुलाई की रात्रि को हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में बादल फटने से भारी जान-माल का नुकसान हुआ। अचानक बादल फटने से नदी का जल स्तर 50 फुट बढ़ गया। इससे नदी किनारे रहने वाले लोग मृत्यु के काल में समा गए। अभी तक की सूचना के अनुसार लगभग 93 लोगों की मृत्यु हुई और 50 लोग लापता हैं। धीरे-धीरे और सूचना आने पर अधिक जानकारी उपलब्ध हो रही है। इससे ढ़ाई सौ मकान ढह गए हैं तथा 14 पुल जो आवागमन का साधन थे, पूरी तरह न्ट हो गए। दूर संचार व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नेशनल हाईवे नम्बर 22 जो रक्षा की दृटि से बड़ी महत्वपूर्ण है, उसका 30 किलोमीटर भाग पूरी तरह ध्वस्त हो गया। आज हालत यह है कि लोगों को जरूरी सामग्री हवाई मार्ग से पहुंचानी पड़ रही है। अन्दाजा है कि वहां एक हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि सहायता कार्यों के लिए अधिक से अधिक राशि मुहैय्या कराई जाए तथा सेना भेज कर और ब्रिज बना कर लोगों को आवागमन के साधन मुहैय्या कराए जाए।